# धन्यवाद (Thank You)

ज्ञान गंगा, दिल्ली



आज विल्ली का जन्मदिन है। उसके पिताजी ने उसे एक अच्छा तोहफा दिया है। उसके पिताजी कहते हैं, ''जन्मदिन मुबारक हो, विल्ली। यह रहा तुम्हारा



तोहफा।'' विल्ली जवाब देता है, ''वाह! धन्यवाद पिताजी, इतने अच्छे तोहफे के लिए।''

विल्ली अपने विद्यालय का प्रोजेक्ट पूरा नहीं कर पा रहा। वह अपनी बहन को बताता है, ''मैं यह पूरा नहीं कर पा रहा हूँ।'' उसकी बहन समझाती है, ''विल्ली, चिंता मत करो, मैं तुम्हारी मदद करूँगी।'' विल्ली मुसकाया व कहने लगा, ''धन्यवाद, बहन!'' विल्ली अपनी बहन के प्रति कृतज्ञ था, काम में उसकी मदद करने के लिए।



विद्यालय में विल्ली अपनी आर्ट क्लास में क्रेयॉन ले जाना भूल गया था। उसने अपने दोस्त जॉन से पूछा, ''क्या तुम मेरे साथ अपने क्रेयॉन बाँट सकते हो?'' जॉन ने जवाब दिया, ''जरूर! तुम इन्हें ले सकते हो, विल्ली।'' विल्ली ने जॉन को कहा, ''धन्यवाद, अपने क्रेयॉन को मेरे साथ बाँटने के लिए।''







विल्ली को एक मुश्किल है और वह उसे अपनी अध्यापिका कुमार मैगी के साथ बाँटता है। वह उनके पास जाता है व बताता है, ''मैम! मुझे एक दिक्कत है।'' कुमारी मैगी जवाब देती हैं, ''मुझे बताओ, विल्ली, मैं उसे सुलझाने में तुम्हारी मदद करूँगी।'' विल्ली अपनी मुश्किल उन्हें बताता है और वह उसे अच्छी सलाह देती हैं। विल्ली अपनी अध्यापिका को कहता है, ''धन्यवाद मैम, मुझे समय पर अच्छी सलाह देने के लिए।''

आज विल्ली की माँ ने उसका पसंदीदा कस्टर्ड बनाया है। वह उसे खाता है और कहता है, "धन्यवाद माँ, मेरे लिए कस्टर्ड बनाने के लिए। यह बहुत स्वादिष्ट है।" विल्ली हमेशा अपनी माँ का शुक्रगुजार होता है, जब भी वह उसकी पसंदीदा खाने की चीजें बनाती हैं।





विल्ली की माँ उसे कमरे में पड़ी चीजें ढंग से रखने में उसकी मदद करती हैं। वे कहती हैं, ''विल्ली, मुझे अपने कपड़े व अपनी किताबें अच्छे से रखने दो।'' वे दोनों कमरे की चीजें ढंग से रखते हैं। विल्ली अपनी माँ को कहता है, ''धन्यवाद माँ, मेरा कमरा साफ करने में मदद करने के लिए।''

विल्ली अपने दोस्तों के साथ स्केटिंग करते-करते गिर गया। उसकी पड़ोसी कुमारी कैली उठने में उसकी मदद करती हैं। वह उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करता है और कहता है, ''धन्यवाद, कुमारी कैली, उठने में मेरी मदद करने के लिए।''



विल्ली अपने दोस्त जॉन के साथ बाहर जाता है। विल्ली कहता है, ''मैं सड़क किनारे खड़े उस विक्रेता से एक बर्गर लूँगा।'' जॉन उसे बीच में रोकता है और कहता है, ''तुम्हें सड़क किनारे खड़े विक्रेताओं से कुछ लेकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि यह तुम्हारी सेहत के लिए अच्छा नहीं है।'' विल्ली जॉन को कहता है, ''धन्यवाद जॉन, जब भी मैं गलत था, मुझे सलाह देने के लिए।''





रात में विल्ली अपनी दादी माँ के कमरे में जाता है व कहता है, ''दादी माँ! मैं एक अच्छी सी कहानी सुनना चाहता हूँ।'' विल्ली की दादी माँ उसे सोने के वक्त की एक अच्छी कहानी सुनाती हैं। विल्ली कहता है, ''धन्यवाद दादी माँ, यह सच में बहुत अच्छी कहानी थी।''



विल्ली नहीं जानता कि साइकिल कैसे चलाते हैं! लेकिन उसका बड़ा भाई उसे सिखाता है कि उसे कैसे चलाना है। अपने भाई से सीखने के बाद वह कहता है, ''धन्यवाद भैया, आपने मुझे साइकिल की सवारी करना सिखाया।''



विल्ली ने अपनी बहन से कहा, ''बहन, क्या तुम मेरे साथ खेलोगी?'' उसकी बहन ने जवाब दिया, ''जरूर खेलूँगी!'' उन्होंने शतरंज का खेल खेला और उन्हें आनंद भी आया। खेलने के बाद विल्ली ने अपनी बहन को कहा, ''धन्यवाद, बहन, आप मेरे साथ खेलीं।''



विल्ली अपने माता-पिता के साथ एक मनोरंजन पार्क में आया है। वह अपने माता-पिता को कहता है, ''धन्यवाद मम्मी-पापा, मुझे यहाँ लाने के लिए। मैं बहुत खुश हूँ।''



आंटी जैने विल्ली के घर आईं। उन्होंने उसके लिए एक चॉकलेट खरीदा था। विल्ली ने आंटी से कहा, ''धन्यवाद जैने आंटी, आपने मेरे बारे में सोचा और आप मेरे लिए चॉकलेट लाईं। यह तो अच्छी बात है।''





विल्ली के दादाजी कहते हैं, ''विल्ली, क्या तुम मेरा चश्मा मुझे दे सकते हो?'' विल्ली ने जवाब दिया, ''जरूर दादाजी।'' वह उनका चश्मा लाता है और उन्हें दे देता है। उसके दादाजी कहते हैं, ''धन्यवाद विल्ली!'' वह कहता है, ''कोई बात नहीं, मुझे आपका काम करके खुशी मिलती है।''



पुलिसवाले ने चोर को हथकड़ी पहनाकर उसे गिरफ्तार किया है। विल्ली पुलिसवाले को कहता है, "आपका धन्यवाद सर, आपकी वजह से हम चोरों से सुरक्षित रहते हैं।"



विल्ली की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उसकी माँ उसे डॉक्टर के पास ले जाती है। डॉक्टर विल्ली की तबीयत की जाँच करके उसको दवाई देता है। विल्ली कहता है, ''धन्यवाद डॉक्टर।'' डॉक्टर जवाब देता है, ''मैं हमेशा आपकी सेवा में हाजिर हूँ। दवा को ठीक समय पर लेकर जल्दी से ठीक हो जाओ।''





विल्ली अपने पिता के साथ बाहर गया था। रास्ते में उनकी कार का टायर पंचर हो गया। अंकल एडम ने पंचर टायर को ठीक करने में उसके पिता की मदद की।



विल्ली के पिताजी ने कहा, ''धन्यवाद एडम, हमारी मदद करने के लिए।''

विल्ली अपने दादाजी को टहलने जाने के लिए धन्यवाद कहता है। अब विल्ली को जादुई शब्द 'धन्यवाद' का सही तरीके से प्रयोग करना आ गया है और उसका महत्त्व भी समझ गया है।

